वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 329 | बुधवार 29 मार्च 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# राजस्थान के सभी अस्पतालों में कल बंद रहेगी OPD: सरकारी डॉक्टर भी नहीं करेंगे काम

## विरोध-प्रदर्शन में शामिल होंगे 15000 से ज्यादा डॉक्टर-फैकल्टी



### डॉक्टर्स ने साइकिल रैली निकाली

इससे पहले मंगलवार सुबह करीब 6.30 बजे डॉक्टर्स ने राइट टू हेल्थ के विरोध में साइकिल रैली निकाली। जवाहर सर्किल से एसएमएस मेडिकल कॉलेज तक रैली निकाली गई, जो करीब 7 बजे एसएमएस अस्पताल पहुंची। इस रैली में सरकारी डॉक्टर्स नहीं थे। केवल प्राइवेट डॉक्टर्स शामिल हुए। प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टरों के इस आंदोलन में रेजिडेंट्स डॉक्टर्स भी पिछले एक सप्ताह से हड़ताल पर चल रहे हैं। इस कारण पहले ही मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल में व्यवस्थाएं बिगड़ रही हैं। क्योंकि ओपीडी और वार्डों में भर्ती मरीजों को संभालने का काम रेजिडेंट्स ही करते हैं। ऐसे में कल अगर हड़ताल पूरे प्रदेश में रहती है तो मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। प्राइवेट हॉस्पिटलों में पहले से ही इलाज बंद कर रखा है।

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान में राइट टू हेल्थ बिल बिल के विरोध में गुरुवार को पूरे राज्य में मेडिकल सेवाएं बंद रहेंगी। प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टरों के समर्थन में अब सरकारी हॉस्पिटल के सभी रैंक के डॉक्टरों ने कल पूरे दिन सामूहिक कार्य बहिष्कार का निर्णय किया है। इस कारण राज्य में कल पीएचसी, सीएचसी, उप जिला हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में ओपीडी सर्विस बंद रहेगी। इस पूरे विरोध-प्रदर्शन में 15 हजार से ज्यादा डॉक्टर्स और टीचर फैकल्टी शामिल हैं। मेडिकल ऑफिसर और पीएचसी-सीएचसी के डॉक्टर्स की यूनियन अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ( अरिसदा) ने पहले से ही 29 मार्च को कार्य बहिष्कार का ऐलान कर रखा है। अब इनके समर्थन में सरकारी मेडिकल कॉलेज के टीचर्स भी आ गए हैं। इसमें सीनियर प्रोफेसर, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर रैंक की फैकल्टी शामिल है।

### जारी रहेगी इमरजेंसी और आईसीयू सर्विस

राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. धनजय अग्रवाल ने बताया- बंद के दौरान केवल ओपीडी का बहिष्कार रहेगा। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों और आईसीयू में भर्ती मरीजों को इलाज पूरा दिया जाएगा। इसके लिए हमने यहां व्यवस्थाएं करते हुए डॉक्टर्स की राउंड दी क्लॉक ड्यूटी लगाई है। जयपुर में एसएमएस हॉस्पिटल में आज एसएमएस सुपरिंटेंडेंट ऑफिस के बाहर इकट्ठा हुए डॉक्टरों ने इसकी घोषणा की।

### 15 हजार से ज्यादा डॉक्टर्स काम नहीं करेंगे

राजस्थान में मेडिकल ऑफिसर्स रैंक के लिए करीब 14500 डॉक्टर्स हैं। जो जिलों में सीएमएचओ, डिप्टी सीएमएचओ, पीएचसी-सीएचसी, उपजिला हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल में सर्विस दे रहे हैं। गांव और छोटे कस्बों में मरीजों को देखने की जिम्मेदारी इन्हीं पर है। वहीं, बड़े शहरों में मेडिकल कॉलेज और उनसे अटैच हॉस्पिटल में ओपीडी के साथ आईपीडी में भर्ती मरीजों को देखने के लिए सीनियर डॉक्टर्स के तौर पर इन टीचर्स फैकल्टी को सरकार ने जिम्मेदारी दे रखी है। इनकी संख्या 2 से ढाई हजार के बीच है।

### सरकार ले सकती है बड़ा एक्शन

इधर, सरकार भी अब डॉक्टर्स की हड़ताल और जनता की तकलीफ को देखते हुए बड़ा एक्शन ले सकती है। राज्य सरकार या तो डॉक्टर्स से वार्ता कर उनको काम पर लौटने की अपील कर सकती है या उन पर एक्शन लेने के लिए रेस्मा कानून भी लगा सकती है और बड़ी कार्यवाही कर सकती है।

---

### राजस्थान दिवस की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की जिला कलक्टरों के साथ वीसी

# जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सफल आयोजन के लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें: मुख्य सचिव



**जयपुर. कासं।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि सभी जिला कलेक्टर 30 मार्च को जिला और ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले राजस्थान दिवस कार्यक्रम को लेकर पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव मंगलवार को सचिवालय में वीसी के जरिए राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा कर रही थीं। मुख्य सचिव ने राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सभी जिला कलेक्टरों को आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में आमजन के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही, दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। मुख्य सचिव ने सफल आयोजन के लिए ब्लॉक स्तर पर एक आर.ए.एस. अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये। समारोह में चिरंजीवी, पेंशन योजना, स्कूटी वितरण सहित राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी अपने अनुभव साझा करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग को इस कार्यक्रम का नोडल विभाग बनाया गया है।

## भगवान के पांच नाम वर्धमान, वीर,अतिवीर,सन्मति एवम महावीर के भजनों पर भक्त भाव विभोर हुए



**अजमेर. शाबाश इंडिया**

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक से चोबीसवे तीर्थंकर एवम वर्तमान शासन नायक महावीर भगवान के जन्म कल्याणक (महावीर जयंती) तक श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर के तत्वावधान में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रम घर घर मंगलाचार का कार्यक्रम बहुत ही भक्तिभाव एवम हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है जिसमे प्रतिदिन समिति सदस्याओ ने संयोजन में उनके निवास स्थान पर भक्ति का कार्यक्रम करके प्रभु द्वारा बताए गए संदेशों का भजनों के माध्यम से गुणगान किया जा रहा है। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि आज समिति की वैशाली नगर इकाई द्वारा समिति सदस्य प्रेरणा गंगवाल के निवास स्थान पर मंगलाचरण प्रियेशी आयुषी जैन ने प्रस्तुत किया। अवन्तिका जैन व माता त्रिशला की भूमिका प्रेरणा गंगवाल ने निभाई जिसमे माता के सोलह स्वप्नो का फल जानने के लिए राजा सिद्धार्थ से प्रश्न पूछती है इसमें गर्भ कल्याण व भगवान महावीर का जन्म कल्याणक दिखाया गया सदस्याओ के द्वारा दी गई प्रस्तुति से सभी आगन्तुक खुशी से झूम उठे एवम भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे युवा संभाग अध्यक्ष सोनिका भैंसा व मंत्री भावना बाकलीवाल ने बताया कि भगवान महावीर के पांच नाम वर्द्धमान, वीर, अतिवीर, महावीर, सन्मति कैसे पड़े उसका बहुत ही सुन्दर तरीके से भजन गायक अंकित पाटनी एवम लोकेश ढिलवारी के भजनों पर भक्ति करते हुए अंजु अजमेरा, मुस्कान, अनुनू काला, प्रगति पाटनी, सोनिया जैन सुनिता जैन,रेखा जैन नीलम, रजनी, प्रिया, आकांक्षा, मधु जैन, उषा अजमेरा, सक्षम गंगवाल आदि ने अभिनय करके सभी को मंत्र मुग्ध किया युवा संभाग संस्थापक अर्चना गंगवाल व शिखा बिलाला ने कहा इस अवसर पर बादाम देवी गंगवाल, दीपिका, कैलाश जैन नवीन जैन, बीना जैन सुनील गंगवाल महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी, श्रेयांस पाटनी, मनीष अजमेरा, अनिता बड़जात्या, अर्चित अजमेरा महावीर अजमेरा सहित 150 से अधिक जैन धर्मावलंबी मौजूद रहे ।

## घर-घर मंगलाचार से हो रही धर्म प्रभावना



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**नसीराबाद**। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जयंती से लेकर चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती पर जैन समाज के घरों में इन दिनों हो रहे घर-घर मंगलाचार से धर्म की प्रभावना हो रही है। जैन समाज के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए शिल्पा बड़जात्या ने बताया कि जैन परिवारों के यहां हर्षोल्लास से हो रहे कार्यक्रमों में महिलाओं द्वारा भगवान के गर्भ व जन्म कल्याणक की झलकियां भक्ति नृत्यों के माध्यम से प्रस्तुत की जा रही है। घर-घर मंगलाचार कार्यक्रमों में महिलाएं बढ़-चढ़ कर भाग ले रही हैं।

# जयकारों के बीच विराजे श्रीजी कलश यात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा





## पार्श्वनाथ के जयकारों से गूंजा अजबगढ़

**अजबगढ़. शाबाश इंडिया**

अरावली पर्वत श्रृंखलाओं के बीच बसा हुआ छोटा सा कस्बा अजबगढ़ जहां पार्श्वनाथ के जयकारों से आकाश गुंजायमान हो गया। कलशा ढालो रे ढालो रे डालो नर नारी, सरीखे भक्ति गीतों पर थिरकते हुए श्रद्धालु , इन्द्र - इन्द्राणियां सिर पर कलश लिए मंगल गीत गाती महिलाएं, तथा जयकारों के बीच नवीन वेदी में विराजमान हुए श्री जी। ताला, प्रतापगढ़ ,थानागाजी के समीपवर्ती अजबगढ़ के श्री दिगंबर जैन अजीत नाथ अतिशय क्षेत्र के जिनालय में सकल दिगंबर जैन समाज के, द्वारा आचार्य भगवंत 108 श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ की प्रेरणा से आयोजित वेदी शुद्धि, प्रतिष्ठा, कलश यात्रा, श्री शांतिनाथ महामंडल विधान पूजा आदि प्रतिष्ठाचार्य जयपुर के पंडित रमेश गंगवाल के सानिध्य में अजीत कुमार सेठी थानागाजी ने प्रमुख कलश स्थापन कर संगीतमय पूजा संपन्न कराई। अजबगढ़ जिनालय का जीर्णोद्धार का कार्य अशोक जैन भिवाड़ी व उनके सहयोगी सदस्यों के द्वारा संपन्न कराया गया है। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन थानागाजी ने बताया पूजा विधान के पश्चात हवन क्रिया संपन्न हुई,पश्चात नवीन बेदी में भगवान पार्श्वनाथ एवं मां भगवती पद्मावती विराजमान हुए। संपूर्ण अजबगढ़ गांव जयकारों से गूंज उठा, प्रतापगढ़, जयपुर, दौसा, थानागाजी सहित आसपास के स्थानों से बड़ी संख्या में जैन बंधुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## जेएसजी संगिनी जनक राजवाड़ा थीम पर कार्यक्रम



**जयपुर. शाबाश इंडिया**। जेएसजी संगिनी जनक द्वारा 28 मार्च को होटल हवाई छतरी में राजवाड़ा थीम पर कार्यक्रम रखा गया। सदस्यों को अध्यक्ष रश्मि जैन द्वारा उपहार भेट कर सबका सम्मान किया गया। हाउसी गेम्स या रजवाड़ा थीम पर सबके घूमर नृत्य किए। अध्यक्ष रश्मी जैन व सचिव कविता जैन ने बताया कि उसके बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमे कविता जैन अध्यक्ष, निधि जैन सचिव, इस्मिता जैन कोषाध्यक्ष बनाई गई।

## घर-घर मंगलाचार कार्यक्रम मे भक्तामर पाठ एंव भगवान महावीर स्वामी के गुंजे जयकारे







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिंगम्बर जैन समाज समिति हीरा पथ मानसरोवर के अध्यक्ष धन कुमार कासलीवाल एंव महिला मंडल की सलाह कार श्रीमती मीना देवी कासलीवाल के निवास पर भगवान महावीर की जंन्म जयंती के उपलक्ष्य मे भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमे समाज के समानित गणमान्य लोग उपस्थित हुए श्री सुरेंद्र जी जैन मंत्री हीरा पथ समाज बाबू लाल जी बिंदायका राजेन्द्र जी सोगानी विरेन्द्र जी लदाना प्रकाश जी पाटनी सुरेश जी छाबड़ा एंव समस्त जैन समाज एंव हुक्म चंद कासलीवाल सहित परिवार के सभी लोगो ने भाग लिया एंव धर्म की महिमा का आनंद लिया कासलीवाल परिवार की ओर से विवेक - कविता जैन ने सभी का तिलक लगा कर स्वागत किया महिला महा समिति की मान सरोवर संभाग की अध्यक्षा श्रीमती तारा मणी गोधा पिंकी कासलीवाल एंव शकुंतला अजमेरा ने भी अपनी कार्यकारिणी एंव जैन सोशल ग्रुप अप टु डेट के संरक्षक श्री मान राजीव जी एंव श्रीमती अंजु जी अपनी कार्यकारणी के साथ आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सभी ने कार्यक्रम की बहुत-बहुत सराहना की।

## 28 और 29 मार्च 2023 को श्री श्री रविशंकर आश्रम, जयपुर में चैत्र नवरात्रि का अयोजन किया





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल ब्रह्माण्ड की सर्व शक्ति सम्पना माँ दुर्गा के चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर वैदिक धर्म संस्थान, आर्ट ऑफ लिविंग राजस्थान की और से 28 और 29 मार्च 2023 को श्री श्री रविशंकर आश्रम, जयपुर में चैत्र नवरात्रि का अयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की शृंखला के अनुसार 28 मार्च 2023 को सांय 6 से 8 बजे कलश स्थापना और सत्संग का आयोजन हुआ और 29 मार्च 2023 को प्रातः 7 से 1 बजे तक चंडी होमा का अयोजन किया जाएगा । आर्ट ऑफ लिविंग वैदिक धर्म संस्थान की कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुनीता राठौर जी ने बताया कि इस पावन पवित्र महायज्ञ में सभी सेवा के भागीदार बन सकते हैं। पूजाएं स्वामी विश्वेश्वरा जी एवं बैंगलोर आश्रम से पधारे वैदिक पंडितों द्वारा संपन्न की जायेंगी।

## झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री और झोटवाड़ा विधायक लालचंद कटारिया पिछले 4 सालों से अनवरत विकास कार्यों की सौगात पर सौगात क्षेत्र की जनता को दे रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र में सड़क, बिजली एवं पानी की सुचारू व्यवस्था को लेकर वह अति गंभीर हैं। सभी वार्डों में लगातार सड़क निर्माण और पार्कों का सौंदर्यकरण हो रहा है, साथ ही जहां पर सीवर लाइन नहीं है वहां पर जेडीए और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर कार्य करवाया जा रहा है। वार्ड नंबर 64 में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र कायथवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामगोपाल कटारिया, मंत्री कटारिया के ओएसडी जय कुमार जैन-बड़जात्या, स्थानीय पार्षद राजू अग्रवाल, वैशाली नगर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मोहित जैन, धाबास कांग्रेस मंडल अध्यक्ष खेमचंद मुंडोतिया सहित कांग्रेस कार्यकताओं में कवि शर्मा, मुकेश गुर्जर, महेश सिंघानी, राज सिंह, विकास अग्रवाल, दिनेश गुप्ता एवं नगर निगम की सहायक अभियंता सोनू कुमारी की उपस्थिति में स्थानीय निवासियों द्वारा सीवर लाइन कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। वार्ड वासियों ने मंत्री कटारिया को विकास पुरुष की संज्ञा देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## नि:शुल्क पंचम सर्व समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

### आज सांयकाल मथुरा के कलाकारों द्वारा महिला संगीत

**निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान निवाई के तत्वावधान में 30 मार्च गुरुवार को आयोजित होने वाले निशुल्क पंचम सर्व समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने बताया कि 30 मार्च को सुबह पंचम सर्व समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन के तहत वर वधू की निकासी निकाली जाएगी, निकासी सुबह 8. 30 बजे गांधी पार्क से गाजेबाजे के साथ रवाना होकर श्याम मंदिर परिसर पर जाएगी जहाँ सभी वर पक्ष गाजेबाजे के द्वारा तोरण मारकर रस्म पूरी करेंगे। नितिन छाबड़ा एवं प्रदीप पारीक ने बताया कि बारात का स्वागत सुबह 11 बजे एवं आशीर्वाद समारोह सुबह 11.30 बजे तथा सामुहिक विवाह सम्मेलन में वर वधू के लिए म्यूजिकल फेरे 12.30 बजे सम्पन्न करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस विवाह सम्मेलन में कुल 10 जोडें परिणय सूत्र में बंधेंगे जिसमें चार बच्चों के मां एवं पिता नहीं है और 3 के पिता नहीं है। विमल जौंला ने बताया कि निशुल्क सर्व समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। जौंला ने बताया कि



सामुहिक विवाह सम्मेलन को लेकर श्याम मंदिर ग्राउण्ड पर 29 मार्च को सायंकाल 7 बजे से मथुरा के महिला कलाकारों एवं सर्व समाज की महिलाओं द्वारा महिला संगीत का आयोजन किया जाएगा जिसमें मथुरा वृंदावन के कलाकारों द्वारा मयुर नृत्य, फूलों की होली एवं कृष्ण रासलीला सहित अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम में सर्व समाज की महिलाओं का समूह महिला संगीत में भाग लेंगी। जौंला ने बताया कि श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष दिलीप ईसरानी पिछले 5 वर्षो से लगातार धार्मिक एवं सेवा के कार्य जैसे कई आयोजन करवाते आ रहे हैं जिसमें ब्लड केंप, चिकित्सा शिविर, निर्धन एवं असहाय जरूरतमंद व्यक्तियो को हरसंभव मदद, तथा निशुल्क सर्व समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन जैसे कार्य करवाये गए।

## वेद ज्ञान

### अद्भुत है यह सृष्टि...

यह सृष्टि अद्भुत है। जिसने इसे बनाया है उसकी महिमा अवर्णनीय है। यहां हर पल कुछ ऐसा घट रहा है जो अकल्पनीय है। कई बार सोचते हैं कि इस सूखे पौधे या वृक्ष को निकाल दें, लेकिन आलस्यवश निर्णय टल जाता है और एक सुबह दिखता है कि उसमें कोपलें फूट रही हैं। इसी तरह भीड़ भरी ट्रेन में तिल रखने की जगह नहीं पर विवशता में चढ़ जाते हैं। थोड़ी ही देर में कोई उतरता है और बैठने को मिल जाता है। जिन घाटों पर अनगिनत लोग स्नान के लिए आते रहे, वे रेतीले खेत बन गए। जीवन में भरपूर यश पाने वाले अपमान और उपेक्षा के गर्त में चले जाते हैं। कहीं उपलब्धि तो कहीं ह्रास हो रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं थी। ईश्वर किसी को दे रहा है और किसी से छीन रहा है। आज तक इसका कोई सामान्य सूत्र नहीं खोजा जा सका है कि वह कब और कैसे प्रसन्न होकर अपने खजाने खोल देता है। वह कभी-कभी कुपात्र की भी झोली भर देता है और कभी सुपात्र को अपनी कृपा से वंचित रखता है। आसपास देखने पर ऐसे बहुत से लोग मिल जाएंगे जिन्हें वह सब कुछ मिला जिसकी स्वयं उन्हें भी आशा नहीं रही होगी। प्रायः सुनने को मिलता है कि सब कर्मों का खेल है। जहां आवश्यक हो, दुख और सुख का औचित्य सिद्ध करने के लिए पूर्व जन्म के कर्मों से जोड़ दिया जाता है। किसने पूर्व जन्म देखे हैं? यह तो ईश्वर ही जान रहा है। मनुष्य के लिए ऐसे भ्रम में रहना अकर्मण्य बनाने वाला और ईश्वर की सत्ता और सामर्थ्य को पहचानने में अवरोध स्वरूप है। परमात्मा की शक्तियां अथाह हैं। उसे देते और लेते हुए किसी से पूछने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उसकी इच्छा ही सर्वश्रेष्ठ है। वह सर्वोच्च है और किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं है। मनुष्य में यह क्षमता ही नहीं है कि उसके कार्यों की विवेचना कर सके। उसके हाथ इतना ही है कि वह प्रसन्न अथवा अप्रसन्न हो सके। किंतु इससे भी उसे कोई लाभ नहीं मिलने वाला, क्योंकि परमात्मा इससे सर्वथा अप्रभावित रहता है। मनुष्य के वश में इतना ही है कि वह परमात्मा से कृपा की प्रार्थना करे। जिसने यह दृढ़ विश्वास धारण कर लिया कि जो प्राप्त हुआ है अथवा होना है वह परमात्मा कि कृपा से ही, अन्य कोई मार्ग नहीं, बस उसी का कल्याण है।

## संपादकीय

# राहुल पर खेला दांव उलटा भी पड़ सकता है!

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने से बीजेपी के नेता बहुत ज्यादा उत्साहित है। राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने के बाद मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी का पहले से ही असंसदीय आचरण रहा है, अहंकार इनका दिखता रहा है। क्या एक भी सही राय देने वाला कांग्रेस में नहीं बचा या जानबूझकर गलत सलाह दी गई। राहुल गांधी ने पहले ही अपने पार्टी का अध्यादेश फाड़ दिया था आज उन्हीं की पार्टी में से किसी ने खेल कर दिया इन्हें पता नहीं चला। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी पर कोर्ट के ऑर्डर के बाद के बाद लिए गए एक्शन को लेकर पूरा विपक्ष एकजुट नजर आ रहा है। आमतौर पर राहुल गांधी की खिलाफत करने वाले विपक्षी दलों के नेताओं ने भी इस मसल पर बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज देश में जो चल रहा है, बहुत खतरनाक



है। विपक्ष को खत्म करके ये लोग वन-नेशन वन-पार्टी का माहौल बनाना चाहते हैं, इसी को तो तानाशाही कहते हैं। मेरी देशवासियों से अपील है- हमें मिलकर आगे आना होगा, जनतंत्र बचाना है, देश बचाना है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि लोकसभा से राहुल गांधी का निष्कासन चौंकाने वाला है। देश बहुत कठिन दौर से गुजर रहा है। पूरे देश को इन्होंने डरा कर रखा हुआ है। 130 करोड़ लोगों को इनकी अहंकारी सत्ता के खिलाफ एकत्र होना होगा। आमतौर पर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी का विरोध करने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। टीएमसी चीफ ने कहा कि विपक्षी नेता अब भाजपा का मुख्य निशाना बन गए हैं। उन्होंने ट्वीट किया, ''प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत में विपक्षी नेता भाजपा का मुख्य निशाना बन गए हैं। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले भाजपा नेताओं को कैबिनेट में शामिल किया जाता है और विपक्ष के नेताओं को उनके भाषण के लिए अयोग्य ठहरा दिया जाता है। आज हम इसके गवाह बने हैं कि यह हमारे संवैधानिक लोकतंत्र के लिए न्यूनतम स्तर है।'' शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद की सदस्यता समाप्त किए जाने को लोकतंत्र की हत्या करार दिया और कहा कि यह तानाशाही के अंत की शुरूआत है। ठाकरे ने एक बयान में कहा कि चोर को चोर कहना अपराध बन गया है, जबकि देश को लूटने वाले बाहर हैं। माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा, यह निंदनीय है कि भाजपा अब आपराधिक मानहानि के जरिये विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है और उन्हें अयोग्य ठहरवा रही है, जैसा अब राहुल गांधी के साथ हुआ है। विपक्ष के खिलाफ ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा है। इस तरह के अधिनायकवादी प्रहार का प्रतिरोध किया जाए और इसे पराजित किया जाए। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे संघ परिवार की तरफ से देश के लोकतंत्र पर हिंसक हमला करार दिया। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# वैकल्पिक ईंधन

सरकार ने एथेनाल युक्त तेल को 2030 तक जारी करने का लक्ष्य रखा था, मगर इसे अभी शुरू कर दिया गया है। सात साल पहले लक्ष्य तक पहुंचने का जो श्रेय सरकार को जाता है, उसमें एथेनाल के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराने वालों को भी निहित समझा जाए। 2013-14 की तुलना में आज एथेनाल का उत्पादन छह गुना तक बढ़ा है, जिससे लगभग चौवन हजार करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा बची है। दुनिया में कच्चे तेल के लिए संघर्ष अपने आप में किसी महायुद्ध से कम नहीं है। यह तमाम देशों के लिए अक्सर चुनौती बनता रहा है। रोचक यह है कि तेल को लेकर अमेरिका जैसे देश कई खेल भी इसी दुनिया में खेलते रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका भारत का रणनीतिक मित्र है और वर्षों से दोनों के संबंध कहीं अधिक सकारात्मक हैं, मगर ईरान से उसकी दुश्मनी की कीमत भारत को भी तब चुकानी पड़ी, जब उसने मई 2019 में ईरान से कच्चा तेल लेने पर प्रतिबंध लगा दिया था। आखिरकार इस ऊर्जा की भरपाई के लिए भारत को सऊदी अरब की ओर रुख करना पड़ा था, जो ईरान की तुलना में महंगा सौदा था। फरवरी, 2022 से बदले हालात के बाद रूस से भारत सस्ता तेल धड़ाधड़ खरीद रहा है, जबकि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका और यूरोप के कई देशों के अलग खेमे बने हुए हैं और भारत को ऐसा करने से रोक पाने में सक्षम भी नहीं हैं। भारत कच्चे तेल के मामले में आत्मनिर्भर नहीं है। वह अपनी जरूरत का महज सत्रह फीसद तेल उत्पादन कर पाता है, बाकी के लिए आयात पर निर्भर है। ऐसे में ई-20 ईंधन का स्वरूप इस निर्भरता को कम करने में मदद करेगा, मगर जिस गति से कच्चे तेल की आवश्यकता देश को है, उसे देखते हुए इसे अंतिम उपाय नहीं कहा जा सकता। गौरतलब है कि ई-20 ईंधन का आशय पेट्रोल में एथेनाल के बीस प्रतिशत मिश्रण से है। अभी तक देश में मिलने वाले पेट्रोल में इसकी मिलावट महज दस फीसद होती थी। हालांकि इसे लेकर पेट्रोल के आयात पर असर पड़ेगा, मगर बड़ा असर लाने के लिए इलेक्ट्रानिक वाहन और एथेनाल मिश्रित पेट्रोल को पूरे देश में विस्तार देना होगा। फिलहाल ई-20 ईंधन को ग्यारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के चौरासी पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध कराया जाएगा। गौरतलब है कि भारत सरकार ने ''**इंडिया एनर्जी वीक 2023**'' में बीस प्रतिशत एथेनाल मिश्रित पेट्रोल को बीते फरवरी महीने में शुरू किया था और उम्मीद जताई गई थी कि इस पहल से पेट्रोल पर निर्भरता को कम किया जा सकेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि जैव ईंधन को लेकर जितनी सक्रियता आई है, उसके लाभ भी विभिन्न आयामों में विस्तार लेंगे। ई-20 ईंधन कई लाभों से युक्त है, पर चुनौतियों से भी भरा हुआ है। भारत कृषि अर्थव्यवस्था वाला देश है, यहां व्यापक पैमाने पर कृषि अवशेष उपलब्ध हैं। ऐसे में जैव ईंधन के उत्पादन की संभावना अधिक रहेगी। फलस्वरूप, नई नगदी फसलों के रूप में ग्रामीण और कृषि विकास में यह मदद कर सकता है, बशर्ते नियोजनकर्ता किसानों की सक्रियता और महत्ता को ऊर्जा का केंद्र समझें, न कि महज एक साधन। शहर अकूत अपशिष्ट और कचरे से भरे पड़े हैं। इनका उपयोग कर ईंधन में बदलना संभव होगा, जो भोजन और ऊर्जा दोनों प्रदान कर सकती है।

# नवचिन्तन के साथ सदैव नूतन प्रयास करना वीर CA अनिल जैन के व्यक्तित्व की विशिष्ठ पहचान

## 1 अप्रैल 2023 को जयपुर में लेंगे शपथ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

कोटा निवासी एवं दिल्ली को वर्षों से अपनी कर्मभूमि बनाए हुए वीर अनिल जैन को गत दिनों देश की प्रतिष्ठित तथा 5 दशकों की और आगे बढ़ रहे व प्राणी मात्र की सेवा में सलंग्न महावीर इंटरनेशनल का अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नव निर्वाचित अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सी ए अनिल जैन पिछले 37 वर्षों से एक प्रतिष्ठित चार्टेड एकाउंटेंट्स फर्म के फाउंडर के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं। तथा वे नॉर्दन इंडिया चार्टेड एकाउंटेंट्स (आई सी ए आई) जैसी प्रतिष्ठित संस्था के चेयरमैन भी रहे हैं। वीर अनिल जैन आगामी 1 अप्रैल 2023 को शाम 6,30 बजे राजस्थान की राजधानी व गुलाबी नगरी के रूप में मशहूर जयपुर शहर के इंद्रलोक ऑडिटोरियम में राजस्थान हाई कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस जे के रांका के आतिथ्य में आयोजित एक भव्य समारोह में अपनी सम्पूर्ण कार्यकारिणी के साथ महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष पद (सत्र 2023-25) की शपथ ग्रहण करेंगे। ये उल्लेखनीय है कि वीर अनिल जैन की गणना संस्था हित में उचित समय पर कठोर और दूरदर्शी निर्णय लेंने के रूप में की जाती है व वे अनुशासन तथा समयबद्धता के परिचायक भी है। सहज, सरल व मिलनसार प्रवृति के धनी अनिल जैन के सिद्धांत काम कम, परिणाम ज्यादा की नीति पर आधारित है। नित्य नया सोचना व त्वरित निर्णय लेना उनके व्यक्तित्व की विरल विशेषता है व सबको साथ लेकर, मित्रता पूर्वक नेतृत्व प्रदान करना उनकी फितरत का हिस्सा है। इसमें कोई दो राय नही कि आपके नेतृत्व में यह संस्थान सेवा के क्षेत्र में अपने स्वर्णिम काल में प्रवेश कर नए आयाम स्थापित करेगा। गौरतलब है कि **''सबको प्यार'' ''सबकी सेवा''** व **''जिओ और जीने दो''** के आदर्श भाव के साथ महावीर इंटरनेशनल से जुड़े वीर-विराएं पिछले 47 वर्षों से निरंतर जन-जन की सेवा में रत हैं। किसी भी धर्म, जाति, रंग, पंथ और मान्यताओं से परे, प्राणी मात्र की सेवा में समर्पित एक प्रतिष्ठित एवम विश्वसनीय नाम (एन जी ओ) के रूप में इस संस्था की गणना की जाती है। आज यह एक देश व्यापी ऐसी प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था है जो 10 रीजन, 30 जोन, 340 केंद्रों और 10000 परिवारों के माध्यम से विभिन्न प्रोजेक्ट्स जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, स्किल डेवलपमेंट, नारी सशक्तिकरण, बाल विकास, रक्तदान, अंगदान, नेत्रदान, बेबी किट वितरण, स्तनपान कक्ष, सेनेटरी नेपकिन वितरण, प्राकृतिक आपदा ग्रस्त पीड़ितों की मदद व जरूरतमंदों की सेवा के लिए लगातार सफलता पूर्वक प्राणी मात्र के लिए निस्वार्थ सेवा का पर्याय बन कर उभरी है। राजस्थान के जयपुर शहर में स्थित मुख्य कार्यालय द्वारा नियंत्रित यह संस्था सभी तरह के आवश्यक पंजीकरण, योग्यताओं और साधनों से सम्पन्न सभी तरह के दानदाताओं (प्राइवेट/कॉरपोरेट/पब्लिक सेक्टर) के बीच एक विश्वशनिय नाम बन कर उभरी है। साथ ही साथ यह संस्था भारत सरकार के नीति आयोग से रजिस्टर्ड व मान्यता प्राप्त भी हैं। तथा सी एस आर योजना के तहत फंड जुटा कर मानवता की सेवा में नियोजित करती हैं। वीर अनिल जैन को वर्तमान व पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्षों वीर एस. के.जैन (आई. पी. एस., रिटा.) दिल्ली, वीर विजय सिंह बापना -मुंबई, वीर शांति लाल कंवाड़ - मुंबई, वीर धीरज कोठारी - मुंबई, वीर, वीर आर. एस. कुम्भट (आई. ए. एस. रिटा.), वीर राज लोढा, वीर मंगल प्रभात लोढ़ा एम. एल. ए. (कैबिनेट मिनिस्टर, गवर्मेंट ऑफ महाराष्ट्र) का सानिध्य एवं मार्गदर्शन उपलब्ध रहेगा।



वीर अनिल जैन को वर्तमान व पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्षों वीर एस. के.जैन (आई. पी. एस., रिटा.) दिल्ली, वीर विजय सिंह बापना -मुंबई, वीर शांति लाल कंवाड़ - मुंबई, वीर धीरज कोठारी - मुंबई, वीर, वीर आर. एस. कुम्भट (आई. ए. एस. रिटा.), वीर राज लोढा, वीर मंगल प्रभात लोढ़ा एम. एल. ए. (कैबिनेट मिनिस्टर, गवर्मेंट ऑफ महाराष्ट्र) का सानिध्य एवं मार्गदर्शन उपलब्ध रहेगा।





# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर तारानगर विस्तार जगतपुरा में रक्तदान शिविर का आयोजन

## शिविर में 57 यूनिट ब्लड एकत्र

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भगवान महावीर के 2622 वें जन्मकल्याणक महोत्सव के शुभवसर पर रक्तदान शिविर का श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर तारानगर विस्तार जगतपुरा जयपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर के मुख्य संयोजक महिला मंडल की मंत्री डॉ खुशबु जैन ने बताया कि इस शिविर हेतु बैनर,पम्पलेट व सोशल मिडिया के माध्यम से जनमानस को रक्तदान के लिए प्रेरित व जागरूक किया गया और 100 यूनिट का लक्ष्य रखा गया जिसमें जनमानस ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता दी। इस शिविर में महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमति तिलका जैन मंत्री श्रीमति डॉ खुशबु जैन संयोजक कनक सेठी ममता शाह सहसंयोजक सुविधा, प्रेरणा, चारु सुनीता आयोजक मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी शिरोमणि संरक्षक सुरेश- सुशीला सोनी परम शिरोमणि संरक्षक श्रीमति आशा सोनी, अध्यक्ष विकास जैन, मंत्री राजकुमार सेठी व समस्त दिगंबर जैन समाज का भरपूर सहयोग रहा। शिविर का उदघाटन डॉ आशीष जैन वार्ड पार्षद श्रीमति रेखा करोल व द्वीप प्रज्जवलन श्रीमति आशा सोनी द्वारा किया गया। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि शिविर उदघाटन कर्ता वार्ड पार्षद श्रीमति रेखा करोल ने स्वयं रक्तदान किया गया साथ ही समस्त रक्तदाताओं को शिविर के माध्यम से सुरक्षा हेतु हेलमेट प्रदान किया गया। शिविर में 57 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया ।





# प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ की नव निर्वाचित समिति का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

## समस्त पदाधिकारी निष्ठा और समर्पण के साथ करें कर्तव्यों का पालनः आचार्य श्री विनिश्चयसागर

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**





प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ का निर्वाचन विगत दिनों स्थानीय समाज के सानिध्य में सम्पन्न किया गया था जिसका सपथ ग्रहण समारोह आचार्य श्री विनिश्चयसागर महाराज , आचार्य विबुद्धसागर जी महाराज के ससंघ सान्निध्य में नवागढ़ में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजकुमार जैन चूना, भा. ज. पा. जिलाध्यक्ष, शैलेन्द्र जैन एडवोकेट प्रांतीय संयुक्त सचिव कर अधिवक्ता संघ ललितपुर के द्वारा सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके पदानुसार शपथ दिलाई एवं पद के अनुरूप कर्तव्य निर्वहन का संकल्प निष्ठापूर्वक करने को स्वीकृति प्रदान की। समारोह में अध्यक्ष सनतकुमार जैन एडवोकेट ललितपुर, उपाध्यक्ष प्रकाशचन्द्र जैन डुंडा बड़गाँव, कपूरचन्द्र जैन डुंडा, महामंत्री वीरचन्द जैन नैकोरा, संयुक्त मंत्री अशोक जैन मैनवार, राकेश जैन ककरवाहा, प्रचारमंत्री - डॉ सुनील संचय ललितपुर , धीरेन्द्र जैन बड़ागांव, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र जैन गुढ़ा , उप कोषाध्यक्ष पं. इन्द्र कुमार ककरवाहा, ऑडीटर,प्रसन्न कुमार जैन बड़ागांव आदि को शपथ ग्रहण कराई गई। इस दौरान कोमल चंद्र ललितपुर अखिलेश बरायठा, अशोक कुमार वैसा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। **आयोजन का शुभारंभ श्रीमती अर्चना जैन पम्मी बरायठा, मीना जैन गुढ़ा व नवागढ़ गुरुकुलम के छात्रों के मंगलाचरण से हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन महामन्त्री वीरचंद जैन नेकौरा ने किया।** इस अवसर पर आचार्य श्री विनिश्वयसागर जी महाराज ने कहा बुंदेलखंड में अतिशय क्षेत्र, सिद्धक्षेत्रों की बहुलता है।यहाँ की पुरातात्विक विरासत पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। आपने कहा मैं नवागढ़ में 1995 में आया था तब और अब में विकास की सतत संयोजना का सुफल है कि आज इतना भव्य रूप दिखाई दे रहा है। पं. गुलाबचन्द्र जीने अपने जीवन को नवागढ के लिए समर्पित किया , उनके द्वारा आरोपित पुष्पित - पल्लिवित नवागढ़ को ब्र. जयनिशांत भैयाजी के समर्पण से आज विकास एवं संरक्षण मिल रहा है। आज आवश्यकता है समस्त पदाधिकारियों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की। वह किसी राग-द्वेष एवं स्वार्थसे परे अपने कर्तव्य का पालन करते हुए नित्य नई ऊँचाईयों को प्राप्त कराने, नवागढ़ को विश्व के पटल पर स्थापित करें। सपथ अर्थात संकल्प क्षेत्र की व्यवस्थाओं को सम्हालने का संकल्प करना होगा, जिससे समर्पण के साथ समस्त दायित्वों का निर्वाहन किया जा सके। आपको समाज ने विचार करके ही यह भार सौंपा है, आपको उनके विश्वास को बनाए रखना है। क्षेत्र की कार्यपद्धति को व्यवस्थित करके यहाँ की समस्त योजनाओं को उन्नत बनाने में सम्यक पुरुषार्थ करें। क्षेत्र के प्रचारमंत्री डॉ सुनील संचय ने बताया कि प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ विकासखंड महरौनी में मनोकामना अतिशयकारी अरनाथ भगवान की छत्रछाया में आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज ससंघ, आचार्य श्री विबुद्ध सागर जी महाराज ससंघ सान्निध्य में ब्र. जय कुमार जी निशांत भैया के निर्देशन में आठ दिवसीय सिद्धार्चना का अनुष्ठान विधि-विधान के साथ चल रही है। जिसमें विधान के पात्र, श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ सिद्धार्चना कर पुण्यार्जन कर रहे हैं। विधि विधान ब्र. जयकुमार निशांत भैया के निर्देशन में पंडित सनत कुमार, पंडित विनोद कुमार जैन रजवांस ,पंडित दिनेश दिवाकर, पंडित मनीष संजू, पंडित मनोज आहार, पंडित अजित वैद्य सम्पन्न करा रहे हैं। संगीतकार सतेन्द्र जैन संगीत की स्वर लहरियों से विधान में श्रद्धालुओं को भक्ति नृत्य करा समा बांध रहे हैं।


भगवान महावीर के 2621 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT

सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक समाचार जगत

स्व. श्री भंवरलाल जी एवं श्रीमती गोपी बाई छाबड़ा की पुण्य स्मृति में द्वारा

रक्तदान जीवन दान

विशाल रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

गुरुवार 30 मार्च 2023
प्रातः 9 से 2 बजे तक

स्थान : श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय
इंजीनियर्स कॉलोनी, मान्यावास, स्वर्ण गार्डन रोड़, मानसरोवर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करें और करवायें।।

पुण्यार्जक परिवार :
श्री कमल चंद जी-श्रीमती तारा देवी
CA मनीष-श्रीमती निशा, श्री सपन-श्रीमती रजनी, श्री रवि-श्रीमती रितु
एवं समस्त छाबड़ा परिवार

निवेदक : GUPTA POWER PRESENTS RHINO WIRES CABLES LED

निवेदक :
भारत विकास परिषद् विवेकानन्द शाखा, जयपुर

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ ने जरूरत की सामग्री वितरित की



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ के तत्वावधान में नीमेडी वाले बालाजी मंदिर, पत्रकार कॉलोनी रोड, मानसरोवर दिनांक 28 मार्च 2023 को बेज़ुबान पशुओं पक्षियों को दाना पानी व भोजन वितरित किया गया। मुख्य संयोजक सुनील सोगानी ने बताया इस कार्यक्रम में अध्यक्ष अभय गंगवाल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जैन, कार्यकारिणी सदस्य विशुतोष चादवाड़, प्रमोद पाटनी एवम अरुण बिलाला। संजय छावड़ा अंजना जैन मुनिया सोगानी सुनीता पाटनी नीति चांदवाड़ सहित कई ग्रुप सदस्य ने भाग लिया।

# क्षुल्लक आगम कीर्ति जी श्रवणबेलगोला के भट्टारक पद पर विराजमान हुए

**श्रवणबेलगोला. शाबाश इंडिया**

पिछले दिनों कर्नाटक प्रांत के हासन जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ गोमटेश बाहुबली श्रवणबेलगोला के भट्टारक स्वामी चारू कीर्ति जी के महाप्रयाण से रिक्त हुए भट्टारक पद पर उनके ही सुयोग्य शिष्य विचारपट्ट क्षुल्लक आगम कीर्ति जी को देश की 14 पीठों के भट्टारक स्वामी जी के सानिध्य एवं देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे समाज श्रेष्ठियों की उपस्थिति में श्रवणबेलगोला मठ में आयोजित पट्टाभिषेक समारोह में विधि विधान के साथ भट्टारक पीठ पर विराजमान किया गया एवं सर्वसम्मति से उनका नाम परम पूज्य जगतगुरु स्वस्ति श्री चारु कीर्ति भट्टारक स्वामी घोषित किया गया। पट्टाभिषेक समारोह के बाद स्वामी जी को पालकी में विराजमान कर पालकी यात्रा निकाली गई एवं गौरव अभिनंदन सभा आयोजित की गई जिसमें दिवंगत भट्टारक स्वामी जी का पुण्य स्मरण करते हुए वक्ताओं ने उनके द्वारा श्रवणबेलगोला मठ के विकास में दिए गए योगदान की चर्चा करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और नए भट्टारक स्वामी जी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।





इस अवसर पर जैन गौरव सुरेंद्र हेगड़े कर्नाटक, सुधीर सिंघई कटनी, हंसमुख गांधी इंदौर, जैन गजट के सह संपादक राजेंद्र जैन महावीर सनावद, अशोक सेठी बेंगलोर, सुरेश पाटिल सांगली आदि समाज के गणमान्य उपस्थित थे।


Happy Anniversary

श्री अंकुर-श्रीमती सोनल जैन

जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के सम्मानित सदस्य




को वैवाहिक वर्षगांठ की बहुत-बहुत बधाइयां

मोबाइल: 9001000320

शुभकामनाओं सहित

संजय छाबड़ा 'आवा' अध्यक्ष | प्रदीप जैन सस्थापक अध्यक्ष | अनुज जैन सचिव

समस्त जैन सोश्यल ग्रुप महानगर परिवार


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# घर-घर मंगलाचार में किया भक्तामर पाठ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भगवान आदिनाथ से महावीर जयंती तक घर घर मंगलाचार कार्यक्रम के अंतर्गत 28 मार्च को दुर्गापुरा महिला मंडल ने णमोकार व भक्तामर का पाठ किया। त्रिशला सम्भाग ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती चन्दा सेठी, सचिव रेणु पांड्या ने बताया कि महिला मंडल कि अध्यक्ष रेखा लुहाड़िया सचिव रानी सौगाणी एवं समस्त महिला मंडल और दुर्गा पुरा जैन समाज के सभी श्रेष्ठि परिवार जन ने हर्षोलास के साथ इस कार्यक्रम का आनन्द लिया।



## गुरु मां विज्ञाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में बह रही धर्मगंगा

# साधन का नहीं साधना का मार्ग अपनाएं

### दृष्टि बदलो सृष्टि अपने आप बदल जाएगी: गुरु मां विज्ञाश्री माताजी

**कोटा. शाबाश इंडिया**

प. पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी ने धर्मसभा में उपस्थित जनसमूह को उद्बोधन देते हुए कहा कि - जिंदगी में खेल तो खेले लेकिन अपने लक्ष्य को ध्यान में रखें । क्यों कि लक्ष्य रहित जिंदगी दीमक लगे पेड़ व बिना नींव के महल की भांति है । यदि आप बिना लक्ष्य के कोई कार्य करते है तो उसमें असफलता ही प्राप्त होगी । जिस प्रकार मेहंदी घिसने के बाद रंग देती है ठीक उसी प्रकार मानव को ठोकर खाने के बाद अकल आती है । आप सोचे कि बिना लक्ष्य के हर कार्य सम्भव है तो सबसे पहले आपको अपने अंदर की यही सोच बदलनी पड़ेगी। आप सोचे की एक मिनट में हम जिंदगी बदल लें तो यह मुमकिन नहीं लेकिन इतना अवश्य सम्भव है आपके द्वारा लिया गया एक मिनट का निर्णय आपकी जिंदगी बदल सकता है। धर्म सभा के प्रारंभ में मंगलाचरण पाठ पारस जैन पार्श्वमणि ने अपनी मधुर आवाज में करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया । मंदिर समिति के अध्यक्ष महावीर जैन महामंत्री पवन पाटोदी कोषा अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि धर्म सभा में चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन शास्त्र भेंट की क्रियाएं कृष्णा नगर दिगंबर जैन मंदिर के इंद्र कुमार, पदम पाटनी, जयकुमार जैन सी ए, संजय बाकलीवाल, निर्मल जैन के द्वारा की गई। गुरु का पाद प्रक्षालन का भी इन्होंने किया। धर्म सभा का सफल संचालन पारस जैन पार्श्वमणि एवम मनोज शास्त्री ने किया। आगे गुरु माताजी ने सभी समाज, राष्ट्र में जागृति लाने के उद्देश्य से कहा कि भरत के भारत ने हमें साधना करना सिखाया। अंग्रेजों ने india को साधन प्रदान किये। विज्ञान के साधनों में फंसकर हम अपनी साधना, संस्कृति और संस्कारों को भूलते जा रहे हैं। विज्ञान के साधनों जैसे टी.वी. , मोबाईल आदि से जितना हमारे शरीर को नुकसान हो रहा है उससे कई ज्यादा नुकसान हमारे देश , राष्ट्र व समाज को हो रहा है । धर्म व संस्कृति का लोप हो रहा है। बच्चों से लेकर वृद्धजनों तक के संस्कारों में कमी आ रही है। सभी अपने लक्ष्य से भटक गए हैं।





# जैन सोशल ग्रुप सिद्धा ने रक्तदान शिविर लगाया, 186 यूनिट रक्त एकत्र हुआ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप सिद्धा ने रक्तदान शिविर लगाया जिसमें 186 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। जैन सोशल ग्रुप सिद्धा के संस्थापक अध्यक्ष धीरज कुमार सीमा पाटनी ने बताया कि 24 वे तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक 1008 भगवान महावीर के 2622 वे जन्म कल्याणक महामहोत्सव के अवसर पर यह शिविर लगाया गया। संस्था के अध्यक्ष निर्मल तारा पांड्या एवं सचिव सौरभ रतिका गोधा ने बताया कि जैन सोशल ग्रुप सिद्धा रक्तदान शिविर में 186 यूनिट एकत्रित की। संस्था के उपाध्यक्ष दिनेश नीलम काला सह सचिव अंजन आकांक्षा जैन एवं कोषाध्यक्ष सुरेंद्र संगीता छाबड़ा मुंडोतावालों ने बताया कि सभी रक्त दाताओं को यातायात अवेयरनेश के अंतर्गत हेलमेट साथ प्रशस्ति पत्र भेट किया। कार्यक्रम मुख्य संयोजक दिलीप अलका पाटनी एवं संयोजक वीरेंद्र कविता काला, विनय मंजू बैराठी, जितेंद्र जूली जैन, मुकेश आशा पाटनी, विजय संगीता सोगानी, रक्तदान शिविर में आए सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया एवं सभी का आभार व्यक्त किया।




## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



परम पूज्य भारत गौरव आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर पुलक जन चेतना एवं महिला जागृति मंच के तत्वावधान में धार्मिक मंत्री अनीता बड़जात्या के निवास महारानी फार्म दुगार्पुरा में 23 मार्च दोपहर 2:00 से भक्तामर पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन कार्यक्रम एवं भगवान महावीर का पालना झुलाने का कार्यक्रम आनंद पूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर पुलक जन चेतना मंच की संगीता बाकलीवाल, प्रमिला बड़जात्या, गुड्डी पाटनी, मंजू वैद, ज्योति जैन, राज लुहाडिया, मंजू गंगवाल, रमा जैन, कांता जैन, रेखा पापड़ीवाल, सरोज काला, विमला जैन, सुनीला बाकलीवाल राखी पाटनी, उषा लुहाडिया आदि अनेकों पदाधिकारियों व सदस्यों ने उत्साह पूर्वक उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। राष्ट्रीय महामंत्री बीना टोंग्या ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान महावीर के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न धार्मिक आयोजन अपनी अपनी संस्थाओं में जरूर कराने चाहिए। इस अवसर पर भगवान महावीर पर आधारित भजन, नृत्य हुए। अन्त में धार्मिक मंत्री अनिता बड़जात्या ने सभी को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर सभी अपने-अपने संस्थाओं में धार्मिक कार्यक्रम करवायें।



केला और दूध के सेवन से शरीर को ताकत मिलती है और आपको हष्ट-पुष्ट बनाते हैं। रोजाना सुबह नाश्ते में केला और दूध का सेवन करना चाहिए। इसकी वजह से भूख जल्दी नहीं लगती है और आपका पेट भरा रहता है। केला और दूध एक साथ खाने से शरीर में प्रोटीन, विटामिन, फाइबर और मिनरल की भरपूर मात्रा मिलती है।



## डेयरी प्रोडक्ट्स का विकल्प है सोया

जिन लोगों को दूध या डेयरी प्रोडक्ट्स से समस्या है उनके लिए सोया प्रोडक्ट्स बेहतरीन विकल्प हैं. सोया मिल्क के अंदर दूध से भी ज्यादा मात्रा में कैल्शियम मौजूद होता है. सोया मिल्क और इससे बने पनीर यानी टोफू कैल्शियम के साथ ही प्रोटीन के भी अच्छे सोर्स हैं. ये मसल्स बिल्ड करने में भी काफी मददगार साबित होते हैं. महज आधा कप टोफू में 126 ग्राम कैल्शियम पाया जाता है, जो आपकी रोजाना की कैल्शियम की जरूरत का लगभग 86 प्रतिशत होता है. इसके अलावा टोफू में सभी तरह के अमीनो एसिड भी पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं.



# अगर दूध से है दूरी तो कैल्शियम फूड है जरूरी

दूध में भरपूर मात्रा में कैल्शियम होने की वजह से रोजाना कम-से-कम एक ग्लास दूध पीने की सलाह दी जाती है. कैल्शियम हमारी हड्डियों, दांतों और मसल्स को मजबूती देने के साथ हृदय रोगों और ब्लड क्लॉटिंग की समस्या से भी बचाकर रखता है. हालांकि, कुछ लोगों को खासकर महिलाओं को दूध पीना पसंद नहीं होता. कई बार दूध पीने से गैस और अपच जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं. ऐसा लैक्टोज इनटॉलरेंस की समस्या होने की वजह से भी हो सकता है. ऐसे लोगों के सामने कैल्शियम की कमी को पूरा कर पाने की चुनौती होती है. ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि दूध के अलावा और कौन-कौन सी ऐसी चीजें हैं, जो शरीर के कैल्शियम की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं.

## कैल्शियम के आधार हैं ये बीज

कुछ सीड्स कैल्शियम से भरपूर होते हैं. अपने खान-पान में इन्हें शामिल कर आप अपने शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा कर सकते हैं. चिया सीड्स, फ्लैक्स सीड्स, सनफ्लावर सीड्स और तिल कुछ ऐसे सीड्स हैं, जिनमें भरपूर कैल्शियम होता है. दो बड़े चम्मच चिया सीड्स के भीतर 179 मिलीग्राम कैल्शियम होता है. यह हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने का काम करते हैं. वहीं, सनफ्लावर सीड्स में मौजूद प्रोटीन व एंटीऑक्सीडेंट स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है. फ्लैक्स सीड विटामिन ए, बी12 और डी, के साथ कैल्शियम और विटामिनों से भरपूर होते हैं.



## सेहत के लिए विटामिन डी भी जरूरी

हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए कैल्शियम के साथ विटामिन-डी भी जरूरी है. इसके बिना हड्डियां कैल्शियम को अवशोषित ही नही कर पाती हैं. इसके लिए आप अपने डायट में अंडे, सालमॉन और टूना फिश, कॉड लिवर ऑयल, मशरूम और फोर्टिफाइड फूड्स शामिल कर सकते हैं. हर रोज धूप में बैठने से भी विटामिन डी की कमी पूरी हो जाएगी.



## बीन्स हैं कैल्शियम का पावरहाउस

एक कप बीन्स में 191 मिलीग्राम से ज्यादा कैल्शियम पाया जाता है. इसे कैल्शियम का पावर हाउस भी कहते हैं. आप इसे सब्जी या सूप किसी भी रूप में ले सकते हैं. कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए आप संतरा भी खा सकते हैं. एक मीडियम आकार के संतरे में 60 मिलीग्राम कैल्शियम होता है.

☆★☆







# जौहरी बाज़ार दिगम्बर जैन महिला समिति द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन ग्रुप सन्मति, राजस्थान रीजन एवं जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया ।स्व श्रीमती सुशीला गोदीका की पुण्य स्मृति में में लगाए गये इस शिविर में क्षेत्रिय पार्षद कुसुम यादव , समिति की अध्यक्ष डॉक्टर शीला जैन, मंत्री पुष्पा सोगानी, सदस्य विध्या जी कासलीवाल, साधना गोदीका, सुधा वैद्य , कविता अजमेरा एवं अन्य सदस्याएँ उपस्थित रही। मुख्य संयोजक नीरा - राकेश लुहाड़िया ने बताया कि श्रवण गोदीका, नंदकिशोर पहाड़िया, नानुलाल गोधा, सुनील - सुनीता गोदीका, पूर्व पार्षद अजय यादव , शैलेश पाण्डया , अशोक पाण्डया, अरुण कोड़ीवाल, सन्मति ग्रुप के कार्याध्यक्ष मनीष लोंग्या, उपाध्यक्ष राकेश संघी, कार्यकारिणी सदस्य अशोक सेठी, सुधीर गोधा, अनिल रावका आदि गणमान्य श्रेष्ठी जन उपस्थित रहे ।सन्मति के अध्यक्ष राकेश गोदीका ने सभी को धन्यवाद देते हुए आश्वासन दिया कि वे भविष्य में ऐसे ही शिविर लगा कर सहयोग प्रदान करते रहेंगे ।